।। नगर निगम रूड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)।।

"निविदा सूचना"

नगर निगम रूडकी वित्तीय वर्ष 2023–24 में नगर निगम रूडकी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थलों पर आवश्यक व जनहित निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है :–

क0 सं0	कार्यो का सूची कमांक	निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय	निविदा खोले जाने की तिथि व समय	निविदा विकय की तिथि एवं दिनांक
01	कम सं0 01 से 51 तक सभी निर्माण कार्यो की निविदायें।	दिनांक 13/02/2024 को दोपहर 01:00 बजे तक।	दिनांक 13/02/2024 को दोपहर 03:00 बजे तक।	नगर निगम रूडकी द्वारा कम सं0 01 से 51 तक सभी निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्रों का विकय निविदादाता को 3 प्रतिशत धरोहर राशि के रूप में मूल एफ0डी0आर0 जमाकराकर दिनांक 07/02/2024 से 09/02/2024 तक की शाम 03:00 बजे तक निगम कार्यालय के निर्माण अनुभाग से किया जायेगा। निविदा प्रपत्र कय करने वाली सम्बन्धित फर्म द्वारा 02 दिन पूर्व अपने फर्म के लैटर हैड पर फॉर्म कय किये जाने की सूचना उपलब्ध करानी होगी।

अल्पकालीन निविदा सूचना का विस्तृत विवरण तथा कार्यो की सूची निगम वैबसाइट www.nagarnigamroorkee.org पर प्राप्त किये जा सकते है। आमन्त्रित निविदाओं को उपरोक्त विवरण के अनुसार नगर निगम रूडकी के सभागार में निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा हेतु धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो नगर आयुक्त, नगर निगम रूडकी के नाम बन्धक कर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी। किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम रूडकी को होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। शेष शर्ते एवं जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम रूडकी के निर्माण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने की तिथि को किसी भी प्रकार का अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस नियत समय में निविदा खोली जायेगी।

नगर आयुक्त
नगर निगम रूडकी

।। कार्यालय–नगर निगम रूडकी (जनपद हरिद्वार)।।

पत्रांक : 172/नि0अनु0/न0नि0रूडकी/टैण्डर/2023–24 दिनांक : 31.01.2024

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना की प्रति सर्वसाधारण के सूचनार्थ अपने विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

1. जिलाधिकारी/विहित अधिकारी महोदय, नगर निगम रूडकी।
2. कार्यालय ज्वाईंट मजिस्ट्रेट महोदय, तहसील रूड़की।
3. कोषाधिकारी महोदय, नगर निगम रूडकी को इस अनुरोध के साथ कि नियत तिथि व समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।
4. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूडकी को इस अनुरोध के साथ कि नियत तिथि व समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।
5. सहायक अभियंता, नगर निगम रूड़की को अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।
6. उपरोक्त नोटिस की प्रति नगर निगम रूड़की के नोटिस बोर्ड पर सर्वसाधारण के सूचनार्थ चस्पा।
7. प्रतिलिपि सम्पादक शाह टाइम्स, सम्पादक अमर उजाला, सम्पादक दैनिक जनवाणी एवं दैनिक समाचार पत्रों को इस आशय से प्रेषित कि वें उक्त निविदा सूचना अपने समाचार पत्र में कम से कम स्पेश एवं रियायती दर में प्रकाशित कर समाचार पत्र की 52 प्रतियां सहित बिल दो प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
8. जिला समन्वयक एन0आई0सी0, हरिद्वार को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना उत्तराखण्ड वैबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. आई0टी0 एक्सपर्ट, न0नि0रूडकी को इस निर्देश के साथ कि विभागीय वैबसाईड पर अपलोड करने हेतु।
10. गार्ड फाईल में रखने हेतु।

नगर आयुक्त
नगर निगम रूडकी